बा-बापू अमृत महोत्सव वृक्षारोपण अभियान

चर्चा में क्यों?

6 अगस्त, 2021 को राजस्थान के **अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री शाले मोहम्मद** ने जैसलमेर की **ग्राम पंचायत लाठी में बा-बापू वृक्षारोपण अभियान की शुरुआत** की।

प्रमुख बिंदु

- राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 150वीं जयंती वर्ष एवं आज़ादी की 75वीं वर्षगाँठ के अवसर पर अमृत महोत्सव के तहत अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री ने राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय लाठी के प्रांगण में पौधारोपण कर इसका शुभारंभ किया।
- इसके साथ ही उन्होंने ग्राम पंचायत लाठी में तैयार होने वाले सेवण चारागाह घास विकास कार्य का भी शुभारंभ किया।
- ध्यातव्य है कि राज्य में राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी के 150वीं जयंती वर्ष एवं आज़ादी की 75वीं वर्षगाँठ के उपलक्ष्य में प्रत्येक ग्राम पंचायत में बा-बापू वृक्षारोपण अभियान चलाया जा रहा है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/ba-bapu-amrit-festival-tree-plantation-campaign